किशोरी जी तो मेरी है

किशोरी जी तो मेरी है, मेरो है बरसाना,
लाडो रानी तो मेरी है, मेरो है बरसाना,
मेरो है बरसाना री सजनी, मेरो है बरसाना
किशोरी जी तो मेरी है, मेरो है बरसाना,

कुटिया भी ले लो, सामान भी ले लो,
बदले में चाहे मेरी, जान भी ले लो,
ये राख़ की ढेरी है, सब कुछ छोड़ के जाना,
मेरो है बरसाना किशोरी जी तो मेरी है,
मेरो है बरसाना,

एक देखी देखी मैंने, श्री निधिवन में,
एक दिन देखी मैंने, घेहबरबन में,
जो सखियों ने घेरी है, मेरो है बरसाना
किशोंरी जी तो मेरी है, मेरो है बरसाना,

बोलो तो आसुओ, भर दू समंदर,
बोलो तो सीना चीर, दिखला दूँ अंदर,
प्रीत घनेरी है, सब कुछ छोड़ के जाना,
मेरो है बरसाना किशोरी जी तो मेरी है,
मेरो है बरसाना,

कोई कहे वृषभानु दुलारी,
कोई कहे इन्हे किरत कुमारी,
श्री धामा कहे मेरी है, मेरो है बरसाना
किशोंरी जी तो मेरी है, मेरो है बरसाना,

हरि दासी ने दुनियाँ , में धूम मचाई,
क्या खूब लिखती, गोपाली बाई,
पूनम भी तो चेरी है, पूनम भी तो तेरी है,
मेरो है बरसाना किशोरी जी तो मेरी है,
किशोरी जी तो मेरी है, मेरो है बरसाना,
लाडो रानी तो मेरी है, मेरो है बरसाना,
मेरो है बरसाना री सजनी, मेरो है बरसाना
किशोरी जी तो मेरी है, मेरो है बरसाना,

स्वर : पूनम यादव

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17560/title/kishori-ji-to-meri-hai-mero-hai-barsana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |